समाज कल्याण विभाग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

जीएलएनएस कॉम्पलेक्स, दिल्ली गेट, नई दिल्ली–110002

(प्रश्न शाखा)

फा.स.59.(64)/स.क.वि./पी.आर.ओ./वि.स.प्र./2021–22/22523(22523) दिनांकः 25 MAR 2022

सेवा में

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय
दिल्ली–110054

विषय– अतारांकित प्रश्न संख्या– 185 दिनांक 29 मार्च, 2022

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में दिल्ली विधान सभा से प्राप्त ई–मेल दिनांक 21.03.2022 जो कि इस विभाग से संबंधित है।

अतः सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरांत उत्तर प्रेषित किए जाते हैं।

भवदीय

नीलम वेंकटाचलम

उप–निदेशक (लिटीगेशन)

नोडल ऑफिसर(प्रश्न शाखा)

संलग्न–उपरोक्तानुसार

फा.स.59.(64)/स.क.वि./पी.आर.ओ./वि.स.प्र./2021–22 दिनांकः

1.निदेशक, सूचना एवं प्रसार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली–1100054.

2.सचिव, माननीय मंत्री (समाज कल्याण), दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, दिल्ली–110002

नीलम वेंकटाचलम

उप–निदेशक (लिटीगेशन)

नोडल ऑफिसर(प्रश्न शाखा)

Scanned with CamScanner

समाज कल्याण विभाग
मूक एवं बधिर विद्यालय परिसर
दिल्ली गेट, नई दिल्ली–110002

अतारांकित प्रश्न संख्या – 185
दिनांक – 29/03/2022
प्रश्नकर्ता – श्री अभय वर्मा

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

	प्रश्न	उत्तर
(क)	लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा कौन–कौन सी जन– कल्याण योजनाएँ चलाई जा रही हैं और किस किस योजना में कितने लाभार्थी हैं	लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा निम्नलिखित जन– कल्याण योजनाएँ चलाई जा रही है– योजना लाभार्थी 1) वृद्धावस्था आर्थिक सहायता – 5739 2) दिव्यांग आर्थिक सहायता – 1054 3) दिल्ली पारिवारिक लाभ योजना – 154
(ख)	1 अप्रैल 2020 से लेकर 15 मार्च ,2022 तक कितने नये वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किये गये, विस्तृत जानकारी दें	1 अप्रैल 2020 से लेकर 15 मार्च ,2022 तक दिल्ली में कुल 497 नये वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किये गये । लक्ष्मी नगर विधान सभा में कुल 02 नये वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किये गये ।
(ग)	1 अप्रैल 2020 से लेकर 15 मार्च ,2022 तक कितने नये दिव्यांग पेंशन स्वीकृत किये गये, विस्तृत जानकारी दें	1 अप्रैल 2020 से लेकर 15 मार्च ,2022 तक दिल्ली में कुल 15415 नये दिव्यांग पेंशन स्वीकृत किये गये । लक्ष्मी नगर विधान सभा में कुल 147 नये दिव्यांग पेंशन स्वीकृत किये गये ।
घ)	लक्ष्मी नगर विधान सभा में पेंशन भोगियों के सत्यापन करने की क्या प्रक्रिया है और पिछली बार कब सत्यापन किया गया था	सत्यापन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है जो कि समय –समय पर जिला कार्यालयों के माध्यम से आवश्यकतानुसार करवाई जाती है ।
ड)	लक्ष्मी नगर विधान सभा में कुल वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन भोगियों की संख्या उनके नाम,पता और फोन नंबर के साथ उपलब्ध करवायें, और	लक्ष्मी नगर विधान सभा में माह फरवरी 2022 तक कुल 5739 वृद्ध एवं कुल 1054 दिव्यांग पेंशन भोगियों को पेंशन दी जा रही है । लाभार्थियों के नाम पते सहित संपूर्ण विवरण ई–मेल के माध्यम से प्रत्येक विधायक को हर महीने प्रेषित कर दिया जाता है ।
च)	वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन के अलावा लक्ष्मी नगर विधान सभा में किसी अन्य योजना में समाज कल्याण द्वारा लाभ दिये गये हैं तो उनकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाये ?	वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन योजना के अतिरिक्त निम्नलिखित आर्थिक सहायता योजनाः कियान्वित की जा रही है । **1) दिल्ली पारिवारिक लाभ योजना–** इस योजना के अंतर्गत परिवार के मुखिया की मृत्यु पर 20,000/–रू0 कीएकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। **2) मुख्यमंत्री कोविड–19 परिवार आर्थिक सहायता योजना** मासिक पारिवारिक आर्थिक सहायता योजनाः 2500 रू0 प्रतिमाह की सहायता उन दिल्लीवासियों के लिये है जिनके परिवार में कमाने वाले व्यक्ति की कोविड–19 के कारण मृत्यु हुई है ।

Dy. Director (FAS)
Deptt of Social Welfare
Govt. of N.C.T. of Delhi
G.L.N.S. Complex, Delhi Gate
New Delhi-110002

Scanned with CamScanner